प्रेषक

श्रम आयुक्त, हरियाणा।

सेवा में

मुख्यालय/सभी क्षेत्रीय कार्यालय,
श्रम विभाग, हरियाणा।

क्रमाकः– स्था/04/2019/29992-30192
दिनांकः– 25-9-19

विषयः– **आशुलिपिको का कनिष्ठ आशुलिपिक व कनिष्ठ आशुलिपिकों का वरिष्ठ आशुलिपिक के पद पर विभागीय टैस्ट का आयोजन करने बारे।**

''''''''

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में।

विषयोक्त मामलें में आपको सूचित किया जाता है कि विभाग में कनिष्ठ आशुलिपिक तथा वरिष्ठ आशुलिपिक के पद रिक्त है, जिनकों विभागीय पदोन्निती के द्वारा भरा जाना है। इसलिए विभाग द्वारा विभागीय परीक्षा का आयोजन हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड, सैक्टर–4, पंचकुला में प्रातः 10.00 बजे किया जा रहा है जोकि निम्न प्रकार से हैः–

1. आशुलिपिक से कनिष्ठ आशुलिपिकः– दिनांक 05.11.2019
2. कनिष्ठ आशुलिपिक से वरिष्ठ आशुलिपिकः– दिनांक 06.11.2019

अतः आपसे अनुरोध किया जाता है कि आप अपने अधीन कार्यरत सभी आशुलिपिकों (हिन्दी/अंग्रेजी) व कनिष्ठ आशुलिपिकों (हिन्दी/अंग्रेजी) को सूचित करने का कष्ट करें कि जो कर्मचारी विभागीय परीक्षा में भाग लेना चाहते हैं, वे उपरोक्त तिथि व समय पर श्रम कल्याण बोर्ड, सैक्टर–4, पंचकुला में समय से एक घंटा पूर्व परीक्षा के लिए उपस्थित होवें।

अधीक्षक (स्था0)
कृतेः श्रम आयुक्त, हरियाणा।

पृष्ठांकन कमांकः स्था0/04/2019/ दिनांकः

इसकी एक प्रति उप श्रम आयुक्त (कल्याण), कार्यालय श्रम कल्याण बोर्ड, सैक्टर–4, पंचकुला को इस अनुरोध के साथ भेजी जाती है कि परीक्षा हेतु कम्पयूटर की व्यवस्था सुनिशचित की जाए।

Sd/-
अधीक्षक (स्था0)
कृतेः श्रम आयुक्त, हरियाणा।